Uturn Time 18 Jan 2026_Layout 2 17-01-2026 11:05 Page 1

## गुस्ताखी माफ



दादा-दादी बाप-मां, रखिए अपने साथ।
आया-नौकर मुफ्त में, मिलते हाथों-हाथ।
मिलते हाथों-हाथ, न देना पड़ता वेतन।
बच्चे दीजे सौंप, चेतना हो या चेतन।
कह साहिल कविराय, और मत सोचें ज्यादा।
रखिए अपने साथ, बाप-मां दादी-दादा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 07 | SUNDAY 18-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

RERA NO: PBRERA-LDH45-PR0836

SOLITAIRE HOMES

A VENTURE OF BASANT CITY GROUP

Step into the World of Luxury at

SOLITARE HOMES




www.solitairehomes.info

Basant City, Sua Road, Near Pakhowal Road, Ludhiana.

Call: 96901-00098, 96902-00098

Celebrate your Birthday
or Anniversary with UTURN TIME
in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222




2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW
*T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# पीसीसीआई की वार्षिक आम सभा में उद्योगों के सशक्तिकरण का संकल्प

## सरकार-उद्योग संवाद को मिली नई दिशा







पंचकूला, यूटर्न, 17 जनवरी। पंचकूला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (पीसीसीआई) द्वारा आयोजित वार्षिक आम सभा सेक्टर-5 स्थित रबाब में अत्यंत भव्य, गरिमामयी एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। यह आयोजन पीसीसीआई चेयरमैन श्री अरुण ग्रोवर के सशक्त नेतृत्व एवं अध्यक्षता में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें उद्योग, राजनीति एवं समाज जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी ने उद्योग जगत को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार उद्योगों के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उद्योगों से जुड़ी प्रत्येक वास्तविक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगपतियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगी तथा निवेश, रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास के माध्यम से हरियाणा को आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में उद्योगों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर उद्यमियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही हैं। इस अवसर पर पीसीसीआई चेयरमैन श्री अरुण ग्रोवर ने उद्योग जगत की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव एवं मांगें मंच के माध्यम से रखीं। इनमें औद्योगिक नीतियों का सरलीकरण, स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन, स्टार्टअप्स के लिए बेहतर सुविधाएं, टैक्स प्रणाली में सुधार तथा इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्रमुख रूप से शामिल रहा। इन सुझावों पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा सांसद श्रीमती रेखा शर्मा ने आश्वस्त किया कि वे श्री अरुण ग्रोवर द्वारा रखी गई सभी मांगों एवं सुझावों को मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के समक्ष स्वयं प्रस्तुत करेंगी, ताकि उद्योगों को और अधिक मजबूती मिल सके।

# फायरिंग और धमकियों से सहमे चंडीगढ़ के कारोबारी, अपराध बढ़ने पर व्यापार मंडल की आपात बैठक



अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 जनवरी। चंडीगढ़ में हालिया फायरिंग और रंगदारी की घटनाओं ने व्यापारी वर्ग में भय का माहौल बना दिया है। एक ही रात में अलग-अलग स्थानों पर हुए हमलों के बाद शहर की कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हालात को देखते हुए व्यापारियों के प्रमुख संगठनों ने सुरक्षा को लेकर आपात बैठक आयोजित की।

बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव चड्ढा ने की। इस दौरान चेयरमैन चरणजीव सिंह, वाइस चेयरमैन दीवाकर सहूजा, मुख्य सलाहकार भूपेंद्र नारद, मुख्य संरक्षक सतपाल गुप्ता, महासचिव बलविंदर सिंह समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

व्यापारियों ने कहा कि मेडिकल स्टोर संचालकों और एक बिल्डर के आवास पर हुई फायरिंग की घटनाएं न केवल चिंताजनक हैं, बल्कि यह दशार्ती हैं कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। बैठक में व्यापारिक प्रतिष्ठानों, बाजारों और रिहायशी इलाकों की सुरक्षा को लेकर गहन मंथन किया गया।

व्यापार मंडल ने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी, संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ाने और सीसीटीवी निगरानी को मजबूत करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि हालात में सुधार नहीं हुआ, तो व्यापारी संगठनों को आंदोलनात्मक कदम उठाने पड़ सकते हैं। व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही एसएसपी से मुलाकात कर व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर ज्ञापन सौंपेगा। फिलहाल व्यापारियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है।

# इंटेक्स्ट एक्सपो 2026 में संजीव अरोड़ा का दौरा, पंजाब में निवेश दोगुना होने का दावा

साहनेवाल

लुधियाना, यूटर्न, 17 जनवरी। पंजाब सरकार के, Power, industry एवं स्थानीय निकाय मामलों के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने निदेशक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग पंजाब नीरू कत्याल गुप्ता के साथ लुधियाना exhibition center , साहनेवाल में आयोजित इंटेक्स्ट एक्सपो 2026 का दौरा किया। इस मेगा एक्सपो में 250 से अधिक कंपनियों ने भवन निर्माण और सजावट से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीकों और उत्पादों का प्रदर्शन किया।






मंत्री अरोड़ा ने 'सांझ 2.0' कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां पंजाब के उद्योग को नई दिशा देती हैं और आधुनिक तकनीकों का आदान-प्रदान संभव बनाती हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में चालू वर्ष के पहले नौ महीनों में पंजाब में निवेश दोगुना हुआ है और आने वाले महीनों में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पंजाब को स्टार्टअप इको-सिस्टम और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में केंद्र सरकार से पुरस्कार मिलना राज्य की मजबूत औद्योगिक नीति का प्रमाण है। मंत्री अरोड़ा ने मध्य प्रदेश से आए उद्योगपतियों को पंजाब में निवेश के लिए आमंत्रित किया और बताया कि जालंधर बाईपास पर नया प्रदर्शनी केंद्र विकसित किया जा रहा है तथा हलवारा एयरपोर्ट जल्द शुरू होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में पंजाब में बिजली की लटकती तारें नजर नहीं आएंगी। इंटेक्स्ट एक्सपो 2026 उद्योग, निवेश और आधुनिक शहरी विकास की नई संभावनाओं का मजबूत मंच बनकर उभरा है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 07 | SUNDAY 18-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रह मंत्री अमित शाह से मिले पंजाब सीएम भगवंत मान . पंजाब से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर किया विचार




# प्रशासन चाहती है ट्रैफिक समस्या का समाधान, लेकिन चर्चा बहुत कठिन है डगर पनघट की

## प्रशासन को मुँह चिढ़ा बाहुबलियों ने सील होने के 2 घंटे में खुलवा लिया रानी झाँसी रोड पर सेठी सुपर स्टोर

लुधियाना/यूटर्न/17 जनवरी। पंजाब सरकार की ओर से लुधियाना को ट्रैफिक मुक्त करने का प्लान तैयार किया है। जिसके प्रयास भी शुरू कर दिए गए हैं। बेशक सरकार इस प्लान को ईमानदारी से अंजाम तक पहुंचाना चाहती है, लेकिन कहीं न कहीं शहर में बाहुबलियों के बल के आगे प्रशासन झुकता हुआ नजर आ रहा है। जिसे देख शहरवासियों द्वारा चर्चा की जा रही है कि सरकार ने इस मुहिम को शुरू तो कर लिया, लेकिन बड़ी मुश्किल है डगर पनघट घाट की। यानि कि इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाना आसान नहीं होगा। ऐसा ही कुछ शनिवार को लुधियाना में देखने को मिला। रानी झांसी रोड स्थित सेठी स्टोर द्वारा ट्रैफिक जाम करने के चलते ट्रैफिक पुलिस ने इस संबंधी निगम को शिकायत की। निगम जांच में पता चला कि सेठी स्टोर के मालिक द्वारा नक्शे में बेसमेंट को पार्किंग दिखाकर वहीं इललीगल तरीके से कमर्शियल एक्टिविटी की जा रही है और ग्राहकों के वाहन सड़कों पर लगा ट्रैफिक जाम किया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने शनिवार सुबह आठ बजे ही स्टोर सील कर दिया। लेकिन स्टोर मालिक इतना बाहुबली है कि उसने दो घंटे बाद ही स्टोर की सीलें खुलवा ली। बेशक ट्रैफिक पुलिस और निगम अफसरों ने अपना काम ईमानदारी से किया, लेकिन बाहुबली प्रशासन पर इतने हावी है कि अधिकारी चाहकर भी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। अब देखना होगा कि इस ट्रैफिक मुक्त मुहिम का आगाज करने वाले मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा एक्शन लिया जाएगा या नहीं।




### सरकार का मिशन फेल करने में जुटे बाहुबली

बेशक सरकार द्वारा इस मुहिम को शुरू किया गया है, लेकिन सेठी स्टोर के मालिक जैसे बाहुबली लोग सरकार की इस मुहिम को पूरी तरह से फेल करने में जुटे हैं। क्योंकि अगर ऐसे ही सील लगने के दो घंटे बाद खुल जाएगी तो कहा से ट्रैफिक मुक्त शहर बन सकेगा। स्टोर मालिक इतना बाहुबली है कि उसने सीलें तो खुलवाई ही है, साथ में ग्राहकों के वाहन फिर से सरेआम सड़क पर खड़े करके ट्रैफिक में बांधा डाली जा रही है।

### सेठी स्टोर बनेगा अवैध बिल्डिंग मालिकों का रोल मॉडल

वहीं सेठी स्टोर की बेसमेंट अवैध होने के बावजूद सील खुलने से शहर में चर्चा छिड़ गई है। चर्चा है कि अब सेठी स्टोर अवैध बिल्डिंग मालिकों के लिए रोल मॉडल बन गया है। चर्चा है कि अब निगम अगर किसी भी बिल्डिंग को सील करने का प्रयास करेगा, तो हर मालिक द्वारा सेठी स्टोर की उदाहरण देकर अपना बचाव किया जाएगा। वहीं चर्चा है कि अवैध इमारतें बनाने वाले बाहुबलियों द्वारा अपने राजनीतिक आकाओं के साथ संपर्क साधना शुरू कर दिया गया है, ताकि उनकी इमारतों पर एक्शन न हो।

### धन्नासेठों का शहर, पैसे के दम पर करवाते हैं काम

वहीं चर्चा है कि लुधियाना धन्नासेठों का शहर है। जहां पर धन्नासेठ पैसों के दम पर बड़े से बड़ा काम करवा लेते हैं। जिसके चलते वह प्रशासन को अपने आगे बोना समझते हैं। ऐसा ही कुछ सेठी स्टोर मामले में देखने को मिला। बेशक अफसरों द्वारा सच दिखाकर कार्रवाई की, लेकिन फिर बाद में उन्हें बैकफुट पर आना पड़ा।

### ज्यादातर इमारतों के साइट प्लान में बेसमेंट में पार्किंग दिखाई

वहीं चर्चा छिड़ गई है कि मल्हार रोड और कॉलेज रोड पर ज्यादातर इमारतें इललीगल तरीके से चल रही है। जिनके साइट प्लान में बेसमेंट पार्किंग दिखाई हुई है। लेकिन असलियत में वहां पर कमर्शियल कार्य चल रहा है और पार्किंग सड़कों पर लगाई जा रही है। अगर ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम सही से कार्रवाई करती है तो कई अवैध इमारतों के मामले सामने आ सकते हैं।

# ट्राईसिटी में मौसम का मिजाज बदला, ठंड की पकड़ ढीली, 19-23 जनवरी के बीच बूंदाबांदी के संकेत

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 जनवरी। ट्राईसिटी क्षेत्रचंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली में मौसम ने करवट ली है। बीते दिनों की कड़ाके की ठंड के बाद अब लोगों को राहत मिलती नजर आ रही है। शनिवार को धूप और हल्के बादलों की मौजूदगी के चलते दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे ठंड की तीव्रता कम महसूस हुई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,



जो सामान्य से थोड़ा अधिक है। लगातार धूप निकलने से तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। सुहावने मौसम का असर शहर की रौनक पर भी दिखा। पार्कों, ग्रीन बेल्ट और पर्यटन स्थलों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी। सुखना लेक पर बोटिंग करने वालों की संख्या में भी इजाफा देखा गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि 19 से 23 जनवरी के बीच ट्राईसिटी में हल्की बारिश हो सकती है। इससे दिन के तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है, हालांकि रात के तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।

# नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी पंजाब से गिरफ्तार

पंचकूला, यूटर्न, 17 जनवरी। पंचकूला पुलिस ने महिला सुरक्षा और किशोरियों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर कड़ा रुख अपनाते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। सेक्टर-19 पुलिस चौकी की टीम ने एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के आरोपी को पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार कर लिया है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी के रूप में हुई है, जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला और वर्तमान में पंचकूला में रह रहे एक पीड़ित परिवार ने सेक्टर-19 पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने जुलाई 2025 में इंस्टाग्राम के माध्यम से उनकी 17 वर्षीय बेटी से दोस्ती की थी। धीरे-धीरे आरोपी ने नाबालिग को शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। मामले का खुलासा तब हुआ जब पीड़िता की तबीयत बिगड़ने पर उसकी मेडिकल जांच कराई गई, जिसमें उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना सेक्टर-20 में पॉक्सो एक्ट की धारा 6 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2)(m) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सेक्टर-19 चौकी इंचार्ज मलकीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस ने पीड़िता की लीगल एड (कानूनी सहायता) और सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) के माध्यम से काउंसलिंग सुनिश्चित की ताकि उसे मानसिक सहयोग मिल सके।

तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने 16 जनवरी को मोहाली, पंजाब में छापेमारी की और आरोपी को धर दबोचा। आरोपी भी मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और गिरफ्तारी के डर से ठिकाने बदल रहा था।



**डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता**

हमारी टीम ने न केवल आरोपी को गिरफ्तार किया है, बल्कि पीड़िता को काउंसलिंग और कानूनी सहायता भी प्रदान की है। हमारा लक्ष्य आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाना है ताकि समाज में एक कड़ा संदेश जाए।

# पिंजौर क्षेत्र में झाडियो में दबिश देकर पुलिस ने हेरोइन तस्कर को किया था काबू, अब सप्लायर भी अमृतसर से गिरफ्तार

**पहले आरोपी को रिमांड खत्म होने के बाद जेल भेजा, दूसरे आरोपी से तीन दिन के रिमांड के दौरान पूछताछ जारी**

पंचकूला, यूटर्न, 17 जनवरी। हरियाणा सरकार के नशा मुक्त अभियान के तहत पंचकूला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने न केवल स्थानीय स्तर पर नशा बेचने वाले तस्कर को दबोचा, बल्कि पंजाब के अमृतसर तक दबिश देकर सप्लायर को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 14 जनवरी को एंटी नारकोटिक्स सेल को अमरावती क्षेत्र में नशा तस्करी की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। इंचार्ज प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान झाड़ियों में छिपकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध को काबू किया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रामलाल उर्फ भोला (38 वर्ष), निवासी पिंजौर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।




## अमृतसर से पकड़ा गया सप्लायर

पकड़े गए आरोपी रामलाल को 15 जनवरी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। रिमांड के दौरान गहन पूछताछ में आरोपी ने उस मुख्य सप्लायर का नाम उगला, जिससे वह नशा खरीदकर लाता था। इसी सुराग पर काम करते हुए पंचकूला पुलिस की टीम ने अमृतसर में रेड की और वहां से सप्लायर मनोज कुमार वासी अमृतसर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पिंजौर में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अमृतसर से गिरफ्तार आरोपी को आज कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। वहीं, पहले आरोपी रामलाल उर्फ भोला का रिमांड खत्म होने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब अमृतसर से पकड़े गए आरोपी से नशा तस्करी के पूरे चेन और अन्य साथियों के बारे में पूछताछ करेगी। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन: हमारी प्राथमिकता केवल छोटे तस्करों को पकड़ना नहीं, बल्कि उनके मुख्य स्रोतों तक पहुँचकर पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करना है। हम अमृतसर से पकड़े गए सप्लायर से गहन पूछताछ कर रहे हैं ताकि इस अवैध कारोबार की पूरी सप्लाई चेन को तोड़ा जा सके। पंचकूला को नशा मुक्त बनाना हमारा संकल्प है।

# 6 साल से पुलिस को चकमा दे रहा 13 मामलो में वांछित आरोपी गिरफ्तार, मंडी कोर्ट से दबोचा

**पुलिस से बचने के लिए शिमला के ग्रामीण क्षेत्र में छिपकर रह रहा था, काबू कर न्यायिक हिरासत भेजा**



पंचकूला, यूटर्न, 17 जनवरी। पंचकूला पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को फिल्मी अंदाज में गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। बीते करीब 6 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा यह आरोपी कुल 13 मामलों में वांछित था और लगातार स्थान बदलकर गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पर चेक बाउंस के 9 मामलों में जेल जंपर होने के आरोप हैं, और इसी के संबंध में उसके विरुद्ध पिंजौर और कालका क्षेत्र में कुल 4 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी की पहचान राजू कुमार, निवासी वासुदेवपुरा, पिंजौर (जिला पंचकूला) के रूप में हुई है। हालांकि मूल रूप से पंचकूला का निवासी होने के बावजूद आरोपी लंबे समय से हिमाचल प्रदेश के जिला शिमला के ग्रामीण क्षेत्र में छिपकर रह रहा था।

पीओ स्टाफ टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए पूरी रणनीति के साथ जाल बिछाया। पुलिस ने पहले आरोपी की गुप्त रूप से रैकी की और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी किसी अन्य मामले में मंडी कोर्ट (हिमाचल प्रदेश) में पेश होने वाला है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम पहले से ही कोर्ट परिसर के आसपास घात लगाकर तैनात हो गई। सही समय और मौके का इंतजार करते हुए पुलिस ने 16 जनवरी को आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद देर रात ही आरोपी को थाना कालका लाया गया। आज आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई को पीओ स्टाफ इंचार्ज विरेंद्र नैन के नेतृत्व में टीम में शामिल एएसआई संजीव (1), एएसआई संजीव (2), सिपाही आजाद सिंह तथा होमगार्ड महेंद्र शामिल थे, जिनकी सतर्कता और टीमवर्क से यह कार्रवाई संभव हो सकी। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदनः लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों को पकड़ना पुलिस के लिए एक चुनौती होता है, लेकिन हमारी टीमों की मेहनत, तकनीकी सहयोग और सूचनाओं के सटीक विश्लेषण से ऐसे अपराधियों को कानून के दायरे में लाया जा रहा है।

# डिवाइडर से टकराई कार, महिला मुलाजिम समेत 5 की मौत, शिमला घुमकर गुजरात जा रहे थे सभी

पंजाब/यूटर्न/17 जनवरी। बठिंडा में बठिंडा-बीकानेर नेशनल हाईवे पर शनिवार सुबह घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में गुजरात नंबर की फॉर्च्यूनर कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में एक महिला कॉन्स्टेबल सहित 5 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा बठिंडा के गांव पथराला के पास हुआ।



सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के शवों को बठिंडा के एम्स अस्पताल की मॉच्युरी में रखवाया गया। मृतकों में 4 युवक और एक युवती शामिल हैं, जिनकी उम्र 25 से 30 साल के बीच बताई जा रही है। मृतकों की पहचान अर्जुन, सतीश, जनक, भारत और अमिता बान के रूप में हुई है। ये सभी गुजरात के बनासकांठा के रहने वाले थे। जेब में मिले आधार कार्ड और अन्य आईडी कार्ड से मृतकों की पहचान हुई है। वहीं मृत युवती अमिता बान गुजरात पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात थी।

**बठिंडा से डबवाली की ओर जा रही थी कार...**बठिंडा के एसपी सिटी नरिंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फॉर्च्यूनर कार बठिंडा से डबवाली की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, ये सभी गुजरात से घूमने के लिए शिमला गए थे और बठिंडा में रुके थे। वे आज सुबह डबवाली की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। एसपी नरिंदर सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि घने कोहरे के कारण ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा और कार डिवाइडर से जा टकराई। पुलिस इस मामले की आगे की जांच कर रही है।

चंडीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III

रविवार, 18 जनवरी 2026



पेज 08 नागपुर नगर निगम चुनाव में भाजपा की जोरदार...

# सेक्टर 38 हत्या मामले में सेक्टर 39 थाना पुलिस को बड़ी सफलता, दो आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 जनवरी। सेक्टर 39 थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना सेक्टर-39 की पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन और निगरानी में की।

पुलिस के अनुसार थाना सेक्टर-39 की टीम ने एसएसपी कंवरदीप कौर, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका , एसडीपीओ साउथ वेस्ट गुरजीत कौर तथा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राम दयाल के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में शामिल दो आरोपियों को दबोच लिया।पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान डड्डूमाजरा निवासी कृष्ण उर्फ काशु और आर्यन उर्फ हनी के रूप में हुई हैं। पुलिस के मुताबिक



यह मामला एफआईआर नंबर 5, दिनांक 16 जनवरी 2025, धारा 103(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता मंदीप ने पुलिस को बताया कि 16 शुक्रवार को उसका भाई सुमित उर्फ गोलू एक्टिवा पर डीएमसी जा रहा था। जब वह सेक्टर-37 स्थित पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवा रहा था, तभी पुराने विवाद के चलते कृष्ण उर्फ काशू और आर्यन उर्फ हनी ने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल पर उसका पीछा करना शुरू कर दिया।

बताया गया कि सेक्टर-25/38 लाइट प्वाइंट पार कर जब सुमित सेक्टर-38 स्थित पर्यास बिल्डिंग के पास पहुंचा, तो आरोपियों ने उसकी एक्टिवा को धक्का मार दिया, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद आर्यन उर्फ हनी ने सुमित के हाथ पकड़ लिए, जबकि कृष्ण उर्फ काशू ने उस पर धारदार चाकू से सीने पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सुमित को उसके भाई मंदीप द्वारा थ्री-व्हीलर से पीजीआई, सेक्टर-12 ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं। दोनों के खिलाफ थाना सेक्टर-26 में दर्ज एफआईआर नंबर 43 (दिनांक 23 अप्रैल 2025) तथा थाना सेक्टर-11 में दर्ज डीडीआर नंबर 72 (दिनांक 27 फरवरी 2025) के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की आगे की जांच जारी है।

# पत्नी को दुश्मन बता पति ने की खुदकुशी, गली में लगाया फंदा, मिला सुसाइड नोट, मामला दर्ज



लुधियाना/यूटर्न/17 जनवरी। कोट मंगल सिंह इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को दुश्मन बताते हुए सुसाइड नोट लिखकर खुदकुशी कर ली। उसने घर के बाहर की तरफ ग्रिल के साथ फंदा लगाकर गली में लटककर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो उसके कमरे से 2 सुसाइड नोट मिले। मृतक का नाम जुनैद अहमद है। थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक 2 बच्चों का पिता था, जिनमें बेटी रूहल (9) और बेटा केयान (4) है। पुलिस को जुनैद के पास से दो सुसाइड नोट मिले हैं। जिसमें उसने लिखा कि एक में उसने कहा कि पत्नी ने 2 लड़कों के साथ मिलकर मुझे डराया और जबरन तलाक के कागज साइन करा लिए। उसने इन्हीं तीनों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। दूसरा सुसाइड नोट उसने बच्चों के नाम छोड़ा है। जिसमें बेटी को कहा है कि उसकी मां पहले मुझे प्यार करती थी लेकिन अब जान की दुश्मन बन गई है। वह तो तुम्हें पेट में ही मार देना चाहती थी। तुम मुझे माफ कर देना। मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं।

# कोहरे ने ली पांच जिंदगियां : शिमला से लौट रहे गुजरात के पर्यटकों की बठिंडा में दर्दनाक मौत, कई अन्य हादसों में लोग घायल

बठिंडा, यूटर्न, 17 जनवरी। घने कोहरे और तेज रफ्तार ने एक बार फिर जानलेवा रूप दिखाया। गुजरात से शिमला घूमने गए पांच लोगों की वापसी के दौरान पंजाब के बठिंडा में भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई।

यह दुर्घटना शनिवार को गांव गुड़तड़ी के पास नेशनल हाईवे पर हुई, जहां उनकी फॉर्च्यूनर कार कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अर्जुन, सतीश, जनक, भारत और अमिता बेन के रूप में हुई है। सभी गुजरात के बनासकांठा जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं और उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच थी।



अमिता बेन महिला कॉन्स्टेबल थीं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे शवों को बाहर निकाला।

एसपी नरिंदर सिंह ने बताया कि सभी लोग शिमला से लौट रहे थे। बठिंडा पहुंचते ही घने कोहरे के कारण चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और यह बड़ा हादसा हो गया।

उधर, गुरदासपुर में भी कोहरे के कारण स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें वैन में सवार 9 सरकारी शिक्षक घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं अमृतसर-पठानकोट हाईवे पर स्कूल वैन और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोहरे में सफर करते समय विशेष सावधानी बरतें, तेज रफ्तार से बचें और वाहनों के बीच सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# नगर निगम चुनाव प्रक्रिया को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की मांग

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 जनवरी। नगर निगम, चंडीगढ़ के आगामी चुनाव, जो कि 29 जनवरी 2026 को आयोजित किए जाने निर्धारित हैं, को लेकर चुनाव प्रक्रिया पर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। एक ओर जहां प्रशासनिक अधिसूचना एवं सार्वजनिक वक्तव्यों में चुनाव हाथ खड़े करके कराने का उल्लेख है, वहीं दूसरी ओर नगर निगम सचिवालय द्वारा जारी पत्र में वन बाय वन वोटिंग (व्यक्तिगत मतदान) का उल्लेख किया गया है। माननीय गवर्नर महोदय द्वारा पूर्व में सार्वजनिक रूप से यह कहा गया था कि इस बार नगर निगम का चुनाव हाथ उठाकर कराया जाएगा। इसी क्रम में चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से भी मीडिया के माध्यम से यही जानकारी दी गई थी। इसके अलावा, अधिसूचना संख्या MC/Secretary/2026/21 दिनांक 13.01.2026 (एजेंडा ब्रांच) के माध्यम से विधिवत नोटिफिकेशन भी जारी किया गया है।



# बिरलानू ने अपने चारमिनार ब्रांड के तहत अल्ट्रा प्रीमियम फाइबर सीमेंट रूफ्स लॉन्च किए

अमृतसर, यूटर्न, 17 जनवरी। चारमिनार बिरलानू ने अपने रूफ्स पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अल्ट्रा प्रीमियम फाइबर सीमेंट रूफ्स लॉन्च किए हैं।यह उत्पाद बिहार, पंजाब और राजस्थान के चुनिंदा बाजारों में पेश किया जा रहा है, जहां आवासीय और छोटे व्यावसायिक निर्माण कार्यों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। अल्ट्रा प्रीमियम फाइबर सीमेंट रूफ्स को खासतौर पर ऐसे घरों और व्यावसायिक इमारतों के लिए तैयार किया गया है, जहां मजबूती के साथ-साथ बेहतर फिनिश और कम रखरखाव की जरूरत होती है।फाइबर सीमेंट रूफ्स लंबे समय से अपनी मजबूती और भरोसेमंद प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं, और अब ग्राहक इनमें बेहतर दिखावटऔर लंबे समय तक साफ बने रहने वाले विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। नई रूफ वैरिएंट में पानी को अंदर नहीं जाने देने वाली सतह दी गई है, जो नमी को सोख ने की क्षमता को कम करती है। इससे भारी बारिश के दौरान रिसाव, नमी और मौसम से होने वाले नुकसान को सीमित करने में मदद मिलती है।

यह सतह उपचार नमी के ठहराव को भी कम करता है, जिससे शैवाल बनने की संभावना घटती है और रूफ्स लंबे समय तक साफ बने रहते हैं। इसके अलावा, इसकी चिकनी सतह वाली फिनिश पारंपरिक फाइबर सीमेंट रूफ्स की तुलना में बेहतर दिखाई देती है और लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहतीहै। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, विजयल होटी, बिजनेस हेड झ रूफ्स, बिरलानू, ने कहा,ह्वहम जिन बाजारों में काम करते हैं, वहां ग्राहकों की जरूरतों को समझना हमारे लिए सबसे अहम है। कई क्षेत्रों में आवासीय और छोटे व्यावसायिक निर्माण लगातार हो रहे हैं, जहां ऐसे रूफ्स की मांग है जो मजबूत हों, दिखने में बेहतर हों और लंबे समय तक चलें। अल्ट्रा प्रीमियम फाइबर सीमेंट रूफ्स इसी सोच के साथ पेश किए गए हैं। यह लॉन्च हमें स्थानीय स्तर पर अपनी मौजूदगी मजबूत करने, सप्लाई और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को समर्थन देने और रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद करेगा। उत्पाद की विशेषताओं पर जानकारी देते हुए, प्रणव इश्वर लाल देसाई, चीफ इनोवेशन ऑफिसर, बिरलानू, ने कहा, ह्नफाइबर सीमेंट रूफ्स में मजबूती हमेशा से एक अहम पहलू रहा है, लेकिन अब ग्राहक बेहतर फिनिश और कम रख रखाव की भी उम्मीद करते हैं।

# श्री सिद्धि विनायक मंदिर के स्थापना दिवस की सभी तैयारियां पूर्ण , गणमान्यों को दिये गये निमंत्रण





लुधियाना/यूटर्न/17 जनवरी। लुधियाना श्री सिद्धि विनायक मंदिर न्यू माया नगर, चूहड़पुर रोड, हैबोवाल कलां में प्रात: मंदिर प्रांगण में 19 जनवरी को वार्षिक स्थापना समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। स्थापना दिवस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से सजाया है।

प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में किए जा रहे वार्षिक समारोह में रविवार 18 जनवरी को सायं भगवान बप्पा की महाआरती की जाएगी व 19 जनवरी को प्रात: यजमान परिवार भगवान श्री सिद्धि विनायक जी का पूजन, भगवान शिव परिवार का पूजन करेंगे व सायं मंदिर प्रांगण में अमृतवाणी का पाठ किया जायेगा। इस उपलक्ष्य में श्री गणेश सेवकों की तरफ से गणमायों पूर्व कैबिनेट मंत्री पंजाब भारत भूषण आशु, पार्षद पुत्र गोलू बाजवा, आप सीनियर नेत्री मनीषा कपूर, एडवोकेट एम सी एल सलाहकार गौरव बग्गा, पूर्व पार्षद मिंटू शर्मा, सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के प्रधान अमन जैन, चेयरमैन ऋषि जैन, उपप्रधान अनुज मदान व मंदिर आचार्य विष्णु पंडित व हैवोवाल थाना प्रभारी को स्थापना दिवस के निमंत्रण दिये गये। इस अवसर पर प्रधान रविनंदन शर्मा ने कहा कि सभी भक्तों व ट्रस्ट के सदस्यों के सहयोग से इस महा यज्ञ रूपी वार्षिक स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

# डीएवी स्कूल के खिलाड़ियों ने नेशनल गेम्स में किया शानदार प्रदर्शन



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/17 जनवरी। डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जगरांव के प्रिंसिपल वेद व्रत पलाह ने बताया कि स्कूल के टैलेंटेड खिलाड़ियों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स-2025 में अलग-अलग गेम्स में हिस्सा लिया और गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Consumer Forum में Insurance Claim कैसे ले जाएँ?**

जब Insurance Company बार-बार पत्राचार के बावजूद Claim पास नहीं करती या बिना ठोस कारण के उसे reject कर देती है, तो आम व्यक्ति अक्सर यह मान लेता है कि अब कुछ नहीं हो सकता। लेकिन कानून उपभोक्ता को यह अधिकार देता है कि वह ऐसी स्थिति में Consumer Forum का दरवाजा खटखटा सके।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि Insurance Claim एक सेवा (Service) से जुड़ा मामला है। अगर सेवा में कमी है—जैसे अनावश्यक देरी, गलत आधार पर rejection, या उचित कारण बताए बिना भुगतान से इनकार—तो यह उपभोक्ता के अधिकारों का उल्लंघन माना जाता है। ऐसे मामलों में Consumer Forum सही मंच होता है।

Consumer Forum जाने से पहले यह जरूरी है कि आप अपने सभी दस्तावेज व्यवस्थित रखें—Insurance Policy, Claim Form, दुर्घटना या नुकसान से जुड़े कागज, और Insurance Company के साथ हुआ पूरा पत्राचार। यह दिखाना महत्वपूर्ण होता है कि आपने पहले कंपनी से समाधान की कोशिश की थी, लेकिन उचित जवाब नहीं मिला।

आजकल Consumer Complaint ऑनलाइन भी दाखिल की जा सकती है। शिकायत में घटना का संक्षिप्त विवरण, Claim reject होने के कारण और आपकी माँग साफ शब्दों में लिखी जानी चाहिए—जैसे Claim राशि का भुगतान, देरी का मुआवजा या मानसिक परेशानी के लिए क्षतिपूर्ति। भाषा सरल और तथ्यात्मक होनी चाहिए, आरोपात्मक नहीं।

Consumer Forum की प्रक्रिया अपेक्षाकृत सरल और कम खर्चीली होती है। कई मामलों में लंबे मुकदमे की जरूरत भी नहीं पड़ती। Forum दोनों पक्षों को सुनकर यह तय करता है कि सेवा में कमी हुई है या नहीं। यदि शिकायत सही पाई जाती है, तो Insurance Company को Claim पास करने या मुआवजा देने के निर्देश दिए जा सकते हैं।

निष्कर्ष : Insurance Claim का Consumer Forum तक पहुँचना कोई आखिरी मजबूरी नहीं, बल्कि एक वैध और प्रभावी अधिकार है। सही दस्तावेज, धैर्य और सही मंच का उपयोग कई बार वह परिणाम दिला देता है, जो अकेले कोशिश करने से नहीं मिलता। जागरूक उपभोक्ता वही है, जो सही समय पर सही दरवाजा खटखटाना जानता हो।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### आज के समय में व्यवस्थित काम करना, एक अच्छी आदत न मान कर OCD (ओ सी डी) क्यों कहलाने लगा है?

आज के समय में हम देखते हैं कि बहुत-से लोग हर काम बिल्कुल समय पर करने पर अत्यधिक जोर देते हैं। कुछ लोग मानते हैं कि ऐसा करना OCD (ऑब्सेसिवकम्पल्सिव डिसऑर्डर) नामक समस्या से जुड़ा हो सकता है, कई लोगों को हर काम अच्छे और व्यवस्थित तरीके से करने की आदत होती है पर आज के युवा इनकी इस आदत को मानसिक समस्या से जोड़ देते हैं। लेकिन यह सोच हमेशा सही नहीं होती।

अनुशासन में रहकर जीवन बिताना OCD नहीं होता। OCD तो एक मानसिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति बार-बार एक ही काम करने या हर चीज को परफेक्ट बनाने की मजबूरी महसूस करता है। ऐसे लोग समय पर काम करने को लेकर अत्यधिक चिंता और तनाव में रहते हैं। लेकिन दूसरी ओर, समय पर काम करना एक अच्छी और स्वस्थ आदत भी हो सकती है। जो लोग अपने काम समय परकरते हैं, वे ज्यादा व्यवस्थित, आत्मविश्वासी और जिम्मेदार होते हैं। इससे तनाव कम होता है और जीवन में संतुलन बना रहता है। पढ़ाई, नौकरी और पारिवारिक जीवन में समय का सही उपयोग सफलता की कुंजी माना जाता है। समस्या तब होती है जब समय पर काम करने की आदत डर, घबराहट या मजबूरी में बदल जाए। यदि कोई व्यक्ति थोड़ी-सी देरी पर बहुत बेचैन हो जाता है, तो यह चिंता का विषय हो सकता है। लेकिन अगर कोई खुशी और संतुलन के साथ समय पर काम करता है, तो यह प्रशंसनीय है। इसलिए, समय पर काम करना बुरा नहीं है। यह तभी समस्या बनता है जब यह मानसिक दबाव का कारण बन जाए।संतुलन बनाए रखना ही सबसे महत्वपूर्ण है।

# चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने जोमैटो डिलीवरी पार्टनर्स के लिए रोड सेफ्टी जागरूकता सत्र आयोजित, ड्रिंक एंड ड्राइव पर जोर





अजीत झा.

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 जनवरी। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह2026 (1 जनवरी से 31 जनवरी तक) के अंतर्गत, चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने जोमैटो डिलीवरी पार्टनर्स, पीसीआर एवं ट्रैफिक स्टाफ और निजी बस ड्राइवरों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया। यह कार्यक्रम ट्रैफिक ऑडिटोरियम, सेक्टर-29, चंडीगढ़ में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'ड्रिंक एंड ड्राइव मत करें' और जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देना था। प्रतिभागियों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रोटेक्टिव हेलमेट भी वितरित किए गए। साथ ही, रोड सेफ्टी क्विज में सक्रिय भागीदारी करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी दी गई और सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई।

### प्रमुख पहलें और संदेश

- सभी प्रतिभागियों को इक्ष मानक वाले हेलमेट पहनने और क्ष्कमार्क की जानकारी दी गई।
- लेन डिसिप्लिन, वाहन इंजन को रेड लाइट पर बंद करना, साइकिल चलाना, और ट्रैफिक सिग्नल का पालन करना सिखाया गया।
- रात के समय अधिक दृश्यता के लिए हेलमेट, जैकेट और वाहन पर रिफ्लेक्टर्स लगाने की सलाह दी गई।
- आपातकालीन वाहनों (एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस वाहन) को रास्ता देने और घायल व्यक्तियों की मदद करने पर विशेष जोर दिया गया।

# जीरकपुर में बेखौफ बदमाश, पुलिस व्यवस्था फेल: दिनदहाड़े बैंक अधिकारी से लूट और फायरिंग





जीरकपुर, यूटर्न, 17 जनवरी। जीरकपुर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब सुरक्षित माने जाने वाले रिहायशी इलाकों में भी दिनदहाड़े पिस्तौल की नोक पर लूट और फायरिंग की वारदात सामने आ रही है। गुरुवार सुबह एयरोसिटी, जीरकपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ मैनेजर सुधांशु कुमार के साथ हुई सनसनीखेज लूट की घटना ने एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित सुधांशु कुमार, जो ब्लॉक एच एयरोसिटी के निवासी हैं, ने बताया कि वह सुबह करीब 9 बजे अपनी कार से दफ्तर जा रहे थे। घर से महज तीनझ्चार मिनट आगे स्लिप रोड पर घनी धुंध के बीच बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो नकाबपोश युवक अचानक उनकी कार के बेहद पास आकर रुक गए। शुरूआत में उन्हें लगा कि शायद बाइक से टक्कर हो गई है। बाइक सवारों ने कार का शीशा नीचे करने का इशारा किया। जैसे ही उन्होंने शीशा नीचे किया, पीछे बैठे बदमाश ने अचानक उनका हाथ पकड़ लिया और कार के अंदर से सोने का कड़ा (करीब 15 ग्राम) और चेन (करीब 16 ग्राम) छीनने लगा।

Uturn Time 18 Jan 2026_Layout 2  17-01-2026  11:05  Page 7



# जगराओं को पुलिस अपने यत्नों से जल्द करेगी नशा मुक्त, कासो ऑपरेशन तहत बोले एसएसपी अंकुर गुप्ता





राज बब्बर

जगराओं/यूटर्न/17 जनवरी। जगराओं को नशा मुक्त बनाने के मकसद को लेकर जगराओं पुलिस अपने पूरे यत्न कर रही है और पुलिस के यत्नों ने जल्दी ही पूरा जगराओं एरिया नशा मुक्त होगा। इन शब्दों का खुलासा जगराओं के एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता ने शनिवार को कासो ऑपरेशन तहत अलग अलग एरिया में छापेमारी करते हुए किया। इस मौके उन्होंने अपने ऑफिसर एसपीडी राजन शर्मा, डीएसपी जसविंदर सिंह ढींडसा और एसएचओ सिटी परमिंदर सिंह की टीम के साथ मोहल्ला गांधी नगर और माई जीना इलाके में कई घरों में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस मौके पर ड्रग तस्करों के घरों के बेडरूम, कमरों और किचन की भी अच्छी तरह से जांच की गई। इस दौरान कुछ संदिग्ध लोगों को भी पकड़ा गया। इस दौरान एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता ने कहा कि पुलिस जगराओं इलाके को नशा मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है और इसीलिए समय-समय पर इन इलाकों की जांच की जाती है, ताकि कोई भी ड्रग तस्कर ड्रग्स बेचने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि आज भी पुलिस जगराओं इलाके के 17 एरिया में छापेमारी कर रही है और आगे भी नशा तस्करों के खिलाफ यह मुहिम ऐसे ही जारी रहेगी।

# शिवालिक विहार समेत चार इलाकों में खुलीं बंद सीवरेज लाइनें, लोगों को मिली राहत



जीरकपुर, यूटर्न, 17 जनवरी। शिवालिक विहार, शिवा चौक नवजीवन मार्केट और शांति कुंज सोसाइटी में लंबे समय से बंद पड़ी सीवरेज लाइनों की समस्या का आखिरकार समाधान हो गया। कमेटी प्रधान सरदार उदयवीर सिंह ढिल्लों के निर्देश पर बुधवार को म्यूनिसिपल कमेटी की पूरी टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी सीवरेज लाइनों को खुलवाया। इस दौरान वार्ड की पार्षद रेणु पवन नेहरू स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और कार्य की निगरानी करते हुए कर्मचारियों से सभी लाइनों को सुचारू रूप से खुलवाया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, बीते कई दिनों से सीवरेज जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा था। इससे न सिर्फ लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही थी, बल्कि बदबू और गंदगी के चलते बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। कई बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा था, जिससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कमेटी प्रधान सरदार उदयवीर सिंह ढिल्लों ने तुरंत म्यूनिसिपल कमेटी को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद पार्षद रेणु पवन नेहरू के नेतृत्व में नगर परिषद की टीम ने शिवालिक विहार, शिवा चौक नवजीवन मार्केट और शांति कुंज सोसाइटी में बंद पड़ी सभी सीवरेज लाइनों की सफाई करवाई। मशीनों और कर्मचारियों की मदद से जाम हटाया गया, जिससे सीवरेज व्यवस्था दोबारा सुचारू हो सकी।

पार्षद रेणु पवन नेहरू ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस तरह की दिक्कतें न हों, इसके लिए सीवरेज सिस्टम की नियमित जांच और सफाई करवाई जाएगी। वहीं, कमेटी प्रधान सरदार उदयवीर सिंह ढिल्लों ने भी कहा कि नगर के नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाना म्यूनिसिपल कमेटी की जिम्मेदारी है और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीवरेज लाइनों के खुलने से राहत महसूस कर रहे स्थानीय लोगों ने पार्षद रेणु पवन नेहरू और कमेटी प्रधान उदयवीर सिंह ढिल्लों का आभार जताया। लोगों का कहना है कि समय पर की गई इस कार्रवाई से बड़ी परेशानी टल गई और क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर हुई

# बुड़ैल जेल में गैंगस्टरों के बीच हिंसक झड़प, एक कैदी गंभीर रूप से घायल

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 17 जनवरी। बुड़ैल जेल में बंद कैदियों के बीच हिंसक झड़प का मामला सामने आया है। जेल के फैक्ट्री एरिया में तीन गैंगस्टरों ने आपस में लड़ाई की और लोहे के एंगल से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस हमले में कैलाश चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे सेक्टर-32 के अस्पताल में



भर्ती कराया गया। जेल वार्डन तरुण ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 11.30 बजे तीन कैदी अचानक फैक्ट्री एरिया की ओर दौड़ पड़े और वहां रखी लोहे की एंगल उठाकर एक-दूसरे पर हमला करने लगे। वार्डन और अन्य कर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन कैदियों ने धक्का-मुक्की की और नियंत्रण पाना मुश्किल हो गया। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद तीनों को काबू किया।

# एकता विहार बलटाना में दर्दनाक हादसा, ससुर की कार से कुचलकर दामाद गंभीर घायल



जीरकपुर, यूटर्न, 17 जनवरी। एकता विहार, बलटाना में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया, जहां ससुर की ही कार की चपेट में आने से दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि मौके पर मौजूद लोग कुछ देर के लिए स्तब्ध रह गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घायल की पहचान मनदीप कुमार (उम्र करीब 42 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, कार चला रहे बुजुर्ग की पहचान अश्विनी शर्मा (उम्र लगभग 65 वर्ष) के तौर पर हुई है, जो मनदीप कुमार के ससुर बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि हादसा हुंडई कंपनी की 20 ऑटोमेटिक कार से हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, किसी कारणवश कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सामने खड़े मनदीप कुमार को जोरदार टक्कर मारते हुए उनके ऊपर चढ़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मनदीप कुमार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को बाहर निकालकर मदद की। घायल अवस्था में मनदीप कुमार को तुरंत इलाज के लिए जीरकपुर स्थित जेपी हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उनकी एमआरआई और एक्स-रे जांच करवाई गई, जिसमें उनके पैर में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर होने की पुष्टि हुई। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें लंबे इलाज की जरूरत पड़ सकती है। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जेपी हॉस्पिटल से छुट्टी देकर आगे के इलाज के लिए किसी अन्य निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।



# विश्व स्तर पर लुधियाना को पहचान देने वाले पुराने शहर को भी पॉश इलाकों के बराबर मिले विकास

## विधायक पराशर बोले, मेरे दिल में बसता है पुराना शहर, विकास में नहीं छोड़ूंगा कोई कसर, इलाके में पड़ते किले के लिए पास करवाए 80 लाख रुपए

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 15 जनवरी। महानगर लुधियाना औद्योगिक नगरी के कारण विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान रखता है और पंजाब की आर्थिक राजधानी कहलाता है। इस महानगर को विश्व स्तर पर पहचान देने में पुराने शहर का प्रमुख योगदान है।

पुराने शहर में पड़ते पुराना बाजार, दाल बाजार, चावल बाजार, वेट गंज, माधोपुरी, हजूरी रोड़, माली गंज, सराफा बाजार, मीना बाजार, केसरगंज मंडी जहां आज भी शहर के प्रमुख बाजार हैं और पंजाब के अलावा देश के दूसरे राज्यों से व्यापारी यहां आकर खरीददारी करते हैं।

वहीं चौड़ा बाजार आज भी शहर का सबसे प्रमुख बाजार है, यहां शहर के अलावा दूसरे शहरों और गांवों के लोग आकर रिटेल में खरीददारी करते हैं। ऐसे ही चौंक घंटाघर शहर की एक शान है। समय समय की विभिन्न सरकारों ने शहर को पहचान देने वाले वाले इस पुराने शहर को अनदेखा करके रखा है तथा बाद



रितेश राजा



रविनंदन शर्मा



विधायक अशोक पराशर पप्पी

में बसे इलाकों और पॉश इलाकों की डिवलपमेंट को पूरा ध्यान में रखा है। पॉश इलाकों की ही खूब डिवलपमेंट होती आ रही है। मगर पुराना शहर आज भी सरकारों की अनदेखी का शिकार है और कई तरह की सुविधाओं से वंचित है। इस पुराने शहर में ट्रैफिक समस्या, अतिक्रमण, बिजली की तारों की समस्या और शौचालय की समस्या प्रमुख समस्याएं हैं। जिससे क्षेत्रवासियों, दुकानदारों और बाहर से आने वाले ग्राहकों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्याः** चौड़ा बाजार से समाज सेवक रितेश राजा ने कहा कि इन इलाकों में ट्रैफिक जाम एक बड़ी समस्या बनी हुई है। ट्रैफिक व्यवस्था का कोई खास प्रबंध ना होने के कारण इन बाजारों में लगातार ट्रैफिक जाम देखने को मिलते हैं।

जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों से जूझना पड़ता है। जहां इससे राहगीरों का समय बर्बाद होता है वहीं कई बार इस कारण राहगीरों में बहस भी होती देखी जाती है तथा जाम के कारण दुकानदारों के व्यापार पर भी असर पड़ता है क्योंकि कई लोग तो ट्रैफिक के कारण इन बाजारों में आने से कतराते हैं।

### बिजली की लटकती तारें

मीना बाजार और इसके साथ लगते क्षेत्रों तथा साथ लगते बाजारों में बिजली की लटकती तारें दुर्घटना को न्यौता दे रहीं हैं। लोगों का कहना है कि बाजारों में बिजली की तारों के ऐसे गुच्छे खतरनाक हैं। बिजली विभाग को इस और ध्यान देना चाहिए।

### क्या कहते हैं विधायक पराशर

पुराने शहर के मुकाबले पॉश एरिया की डिवलपमेंट की तरफ अब तक की विभिन्न सरकारों का ज्यादा जोर रहा है। जब इस बारे विधायक अशोक पराशर पप्पी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चाहे पिछली सरकारों ने पुराने शहर की तरफ पूरा ध्यान नहीं दिया पर मैं पुराने शहर के विकास के लिए पूरा प्रयत्न कर रहा हूं। मैंने अपने क्षेत्र में पड़ते विरासती किले के लिए 80 लाख रुपए पास करवाए हैं जहां खेल का मैदान भी बनाया जाएगा। जो किला पुरानी सरकारों के समय खंडहर बन चुका था, अब उसकी सुंदरता देखने लायक होगी। जब उनसे पुराने शहर की डिवलपमेंट बारे एक सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब दिया कि मैं पुराने शहर के विकास के लिए विधानसभा में भी मुद्दा उठाऊंगा कि पॉश इलाकों की तरह पुराने शहर की सुंदरता और विकास के लिए भी बराबर ध्यान दिया जाए ताकि लुधियाना का नाम विश्व स्तर तक पहुंचाने वाले पुराने शहर की चमक पूरी तरह से चमके और इस एरिया की सुंदरता देखते ही बने। अतिक्रमण की समस्या बारे उन्होंने कहा मैं रोज कमाकर खाने वाले रेहड़ीफड़ी वालों बारे में भी सोचता हूं और प्रयास करूंगा कि उनके लिए कोई जगह उपलब्ध करवा सकूं ताकि उनके कामकाज उसी तरह से चल सकें। उन्होंने कहा कि पुराना शहर मेरे दिल में बसता है और मैं इसके विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

### शौचालय बनाए जाएं और बढ़ाए जाएं सुरक्षा प्रबंध

घासमंडी शॉपकीपर एसोसिएशन के प्रधान रविनंदन शर्मा ने कहा कि पुराने शहर में देश के विभिन्न राज्यों से व्यापारी व्यापार के लिए आते हैं और इन क्षेत्रों से सरकारों को अच्छा खासा टैक्स भी आता है। फिर भी इन इलाकों में कई सुविधाओं की कमी होने के कारण व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इनमें से ज्यादातर इलाकों में शौचालयों की कमी एक सबसे बड़ी समस्या है। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि इन इलाकों में जगह देखकर शौचालय बनाए जाएं ताकि बाहर से आने वाले व्यापारियों और राहगीरों को परेशान ना होना पड़े। इसके अलावा इन इलाकों में सुरक्षा के प्रबंध भी मजबूत किए जाएं। **अतिक्रमण की प्रॉब्लम भी हो हल :** जनता का कहना है कि इसके अलावा अतिक्रमण की समस्या भी एक मुख्य समस्या है जो बाजारों और राहगीरों के लिए परेशानियों का कारण है। नगर निगम और प्रशासन आंखें बंद करके इस समस्या को देखते रहते हैं और लगता है कि इसके हल के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के पास समय ही नहीं है या वह कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस का सिर्फ चलान काटने की तरफ ही ध्यान है और लगता है कि ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए इनके पास कोई योजना या प्रबंध नहीं है।

# नागपुर नगर निगम चुनाव में भाजपा की जोरदार जीत

## गडकरी-फडणवीस-बावनकुळे के नेतृत्व में मनाया गया जीत का उत्सव

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 17 जनवरी। नागपुर महानगरपालिका चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय के बाद नागपुर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में नागपुर में भव्य विजय समारोह मनाया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुळे, नागपुर भाजपा के शहर अध्यक्ष दयाशंकरजी तिवारी, विधायक कृष्णाजी खोपडे, मोहन मते, प्रवीण दटके, वरिष्ठ नेता चैनसुख संचेती, परिणयजी फुके तथा बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और विजयी उम्मीदवार



उपस्थित रहे।

इस समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए सभी विजयी उम्मीदवारों, चुनाव प्रबंधन से जुड़े नेताओं और समस्त भाजपा कार्यकताओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने नागपुर की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताया है, जो पार्टी के लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों है।

# गुरु नानक स्टेडियम में युवाओं के लिए नई पहल, वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



लुधियाना, यूटर्न, 17 जनवरी। जिले में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने आज गुरु नानक स्टेडियम में नव स्थापित वेटलिफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह केंद्र युवाओं की प्रतिभा को निखारने और उन्हें सुरक्षित व अनुशासित माहौल में प्रशिक्षण देने के लिए विकसित किया गया है। डिप्टी कमिश्नर जैन ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि खेलों में सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास जरूरी है। उन्होंने युवाओं को लक्ष्य पर केंद्रित रहकर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। यह केंद्र इच्छुक वेटलिफ्टरों को आधुनिक सुविधाओं के साथ बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करेगा, जिससे वे जिला स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें।

# पंजाब कांग्रेस के यूथ चुनाव में ज्यादा से ज्यादा युवा मेंबरशिप लेकर करें नॉमिनेशन - प्रेजिडेंट हैप्पी लाली



लुधियाना/यूटर्न/17 जनवरी। कांग्रेस पार्टी हाईकमान द्वारा पंजाब यूथ के चुनाव कराने का ऐलान किया है। जिस संबंधी शनिवार को लुधियाना में यूथ कांग्रेस जिला लुधियाना प्रेजिडेंट हैप्पी लाली की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग में यूथ कांग्रेस पंजाब के चुनाव प्रभारी जैड.आर.ओ. हंसपाल सिंह बिष्ट मुख्य रुप से उपस्थित हुए। मीटिंग में चुनावों को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान चुनाव प्रभारी जैड.आर.ओ. हंसपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पंजाब यूथ प्रेजिडेंट, पंजाब सेक्रेटरी, जिला प्रेजिडेंट, जिला सेक्रेटरी, ब्लॉक प्रधान और असेंबली चुनाव करवाने के लिए पार्टी मेंबरशिप और नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू की है। हंसपाल सिंह बिष्ट अनुसार नॉमिनेशन प्रक्रिया 16 जनवरी से 23 जनवरी तक चलेगी। नॉमिनेशन के लिए उम्र सीमा 18 से 35 साल रखी गई है। WITH IYC.IN ANDROID APP के जरिए नॉमिनेशन किया जाएगा। हालांकि नॉमिनेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, लेकिन चुनाव की तारीख तय नहीं हुई है। मीटिंग के दौरान यूथ कांग्रेस जिला लुधियाना के प्रेजिडेंट हैप्पी लाली ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा हमेशा युवाओं को आगे आने के मौका दिया है। कांग्रेस में दूसरी राजनीतिक पार्टियों की तरह सिफारिशों पर पद नहीं मिलते। इसी के चलते पार्टी हाईकमान द्वारा पारदर्शी व लोकतंत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया करवाई जा रही है। मीटिंग में विशेष तौर पर जिला वाइस प्रेजिडेंट जसप्रीत सिंह बॉबी मुडें भी मौजूद रहे। वहीं जनरल सेक्रेटरी एडवोकेट राहुल पौहाल, जनरल सेक्रेटरी आकाश तिवारी, हरविंदर सिंह, दिलबाग सिंह मान, मनी बिरला व अन्य मौजूद थे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372